जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर
111/17

विविध बैंक प्रकरण सं0 111/2017 ऑरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा नगर परिषद, श्रीगंगानगर बनाम 1–चतर्भुज शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी 49 सब्जी मण्डी, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर 2–श्रीमति शारदा देवी शर्मा पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी 49 सब्जी मण्डी, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

17.01.2018

वकील प्रार्थी बैंक उपस्थित है। उनके द्वारा प्रार्थी बैंक की तरफ से प्रार्थना पत्र दिनांक 17.01.2018 प्रस्तुत कर प्रार्थना की गई कि प्रार्थी बैंक की ओर से अप्रार्थीगण कें विरूद्ध उनका ऋण खाता एनपीए होने के कारण बंधक रखी गयी सम्पति का भौतिक कब्जा प्राप्त करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। चूंकि अब अप्रार्थीगण के द्वारा अपने ऋण खाते में राशि जमा करवा करवा कर अपने खाते को नियमित करवा लिया गया है और उनका ऋण खाता एन.पी.ए. खाते की श्रेणी से बाहर आ गया है। इसलिए प्रार्थी बैंक प्रकरण को आगे नही चलाना चाहते है और विदड्रा करना चाहते है। अतः इसी स्तर पर प्रकरण विदड्रा करने की अनुमति प्रदान की जावे।

मैने उक्त तर्को पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि यह प्रा0 पत्र ऑरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, शाखा नगर परिष्द, श्रीगंगानगर द्वारा ऋणी चतर्भुज शर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी 49 सब्जी मण्डी पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर व गारन्टर श्रीमति शारदा देवी शर्मा पत्नि राजेन्द्र प्रसाद निवासी 49 सब्जी मण्डी पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के विरूद्ध धारा 14 वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत प्रस्तुत कर ऋण की एवज में गारन्टर श्रीमति शारदा देवी द्वारा बन्धक रखी गयी अपनी सम्पति दुकान न0 49 सब्जी मण्डी, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर साईज 15 गुणा 30 वर्गफुट का भौतिक कब्जा दिलवाने के लिए पेश किया था। चूंकि अब प्रार्थी बैंक प्रकरण को आगे नही चलाना चाहते है और विदड्रा करना चाहते है।

चूंकि प्रार्थी बैंक अब इस मामले में अब आगे कोई कार्यवाही नही चाहता है। इसलिए यह प्रा0 पत्र इसी आधार पर खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

यह आदेश आज दिनांक 17.01.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(ज्ञाना राम)
जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर